आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 22.10.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- गंगोत्री धाम के कपाट आज अन्नकूट पर्व पर पूर्वाह्न 11 बजकर 36 मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे।
- उत्तराखंड में इस वर्ष दीपावली के अवसर पर वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार का लक्ष्य केवल त्योहारों के दौरान ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष स्वच्छ वायु सुनिश्चित करना है।
- प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान–पीएम जनमन कार्यक्रम में ऊधम सिंह नगर जिले को देश में चौथा स्थान। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित।
- दीवाली की छुट्टियों के चलते रामनगर स्थित कॉर्बेट नेशनल पार्क पर्यटकों से हुआ गुलजार।

**गंगोत्री कपाट**

उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री धाम के कपाट आज अन्नकूट पर्व पर पूर्वाह्न 11 बजकर 36 मिनट पर शीतकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद कर दिए जाएंगे। इस अवसर पर मंदिर को गेंदे के फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। इस वर्ष अब तक 7 लाख 57 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगोत्री धाम की यात्रा की। श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विशेष प्रबंध किए गए थे।

धाम के पुरोहित राकेश सेमवाल ने बताया कि कपाट बंद होने के बाद मां गंगा की उत्सव डोली शीतकालीन प्रवास के लिए मुखबा गांव रवाना होगी। अगले छह महीनों तक श्रद्धालु मुखबा स्थित गंगा मंदिर में मां गंगा के दर्शन कर सकेंगे।

उधर, केदारनाथ धाम और उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट कल भैय्या दूज के पावन पर्व पर शीतकाल के लिए बंद किए जाएंगे।

**वायु गुणवत्ता**

उत्तराखंड में इस वर्ष दीपावली के अवसर पर वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। तकनीक आधारित उपायों, प्रशासनिक सक्रियता और नागरिकों के सहयोग से राज्य के प्रमुख शहरों की हवा पहले से कहीं अधिक स्वच्छ रही। अधिकांश शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स इस बार मध्यम या संतोषजनक श्रेणी में दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में एक बड़ा सुधार है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल त्योहारों के दौरान ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष स्वच्छ वायु सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के परिणाम यह साबित करते हैं कि नवाचार, जनजागरूकता और सामूहिक भागीदारी से वास्तविक परिवर्तन संभव है।

उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष आर. के. सुधांशु ने कहा कि ड्रोन से जल छिड़काव, नई यांत्रिक स्वीपिंग मशीनें और विद्यालयों व महाविद्यालयों में चलाए गए जनजागरूकता अभियानों ने ठोस प्रभाव दिखाया है। दीपावली के दिन 20 अक्टूबर को देहरादून, रुड़की और हल्द्वानी का एक्यूआई स्तर मध्यम श्रेणी में रहा, जबकि टिहरी सहित अन्य जिलों में भी वायु गुणवत्ता मध्यम स्तर पर दर्ज की गई।

साथ ही विद्यालयों और महाविद्यालयों में चलाए गए "ग्रीन दिवाली–क्लीन दिवाली" अभियानों ने नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल तरीके से पर्व मनाने और पटाखों के सीमित उपयोग के लिए प्रेरित किया, जिससे प्रदूषण स्तर में प्रत्यक्ष कमी दर्ज की गई।

## उड़ान योजना

नागर विमानन मंत्रालय ने कहा है कि क्षेत्रीय संपर्क योजना – उड़े देश का आम नागरिक (उड़ान) ने नौ वर्षों में 3 लाख 23 हजार उड़ानों के माध्यम से 1 करोड़ 56 लाख से अधिक यात्रियों को सुविधा प्रदान की है। राष्ट्रीय नागर विमानन नीति के अंतर्गत 21 अक्टूबर 2016 को उड़ान योजना की शुरूआत की गई थी। इस योजना के अंतर्गत, 15 हेलीपोर्ट और 2 जल हवाई अड्डों सहित 93 अप्रयुक्त और कम उपयोग वाले हवाई अड्डों को जोड़ने वाले 649 मार्गों का संचालन शुरू किया गया है।

योजना की 9वीं वर्षगांठ के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने इस बात पर प्रकाश डाला कि उड़ान एक परिवर्तनकारी पहल रही है जिसका उद्देश्य आम नागरिक के लिए हवाई यात्रा को किफ़ायती और सुलभ बनाना है।

## पीएम जनमन

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान–पीएम जनमन कार्यक्रम में ऊधम सिंह नगर जिले को देश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस उपलब्धि के लिए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

राज्य सरकार स्थानीय पारंपरिक व्यवसाय जैसे ऊनी वस्त्र, जड़ी–बूटी आधारित उत्पाद और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जनमन कार्यक्रम से जोड़ रही है। इससे न केवल जनजातीय समुदायों की आजीविका में सुधार होगा, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान भी सुरक्षित रहेगी।

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि योजना के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, आधारभूत सुविधाएं, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा सहित 17 क्षेत्रों में विकास कार्य कराए गए हैं।

गौरतलब है कि पीएम जनमन भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य कमजोर जनजातीय समूहों का सर्वांगीण विकास करना है। इस योजना के तहत देश के 75 जनजातीय जिलों में लगभग 75 समुदायों के 28 लाख से अधिक लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

## कॉर्बेट नेशनल पार्क

दीवाली की छुट्टियों के चलते रामनगर स्थित कॉर्बेट नेशनल पार्क में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए वन्यजीवों और पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनज़र कॉर्बेट प्रशासन ने कड़े कदम उठाए हैं।

कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व प्रशासन की ओर से रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस अड्डे और आसपास की झुग्गी बस्तियों में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। स्नीफर डॉग्स और मेटल डिटेक्टर की मदद से संदिग्ध व्यक्तियों और उनके सामान की बारीकी से जांच की जा रही है।

कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व के निदेशक साकेत बडोला ने बताया कि पर्यटन सीजन के दौरान देश–विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक रामनगर पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा और संवेदनशील वन क्षेत्रों की निगरानी के लिए सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

## आपदा प्रभावित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर पौड़ी जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आपदा प्रभावित सैंजी गांव के पीड़ितों के साथ दीपावली मनाई और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

आपदा के बाद सैंजी गांव में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। त्योहार के दिन जिला प्रशासन को अपने बीच पाकर स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया और इस संवेदनशील पहल की सराहना की।

उधर, देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल ने जिले के आपदाग्रस्त क्षेत्र सेरागांव सहस्त्रधारा में पुनर्वास सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि जब तक प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को राहत नहीं मिल जाती, तब तक विभागीय अधिकारी क्षेत्र में ही डटे रहेंगे। जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने कार्लीगाड़ और मझेड़ा क्षेत्रों में बिजली, पानी और सड़कों के पुनर्निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

**आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...**

- पुलिस स्मृति दिवस पर अमर उजाला की सुर्खी है– पुलिस आवासों को मिलेंगे 300 करोड़। इस खबर पर दैनिक जागरण लिखता है – राज्य स्थापना दिवस पर पुलिस कर्मियों को मिलेगा विशेष रजत जयंती पदक।
- उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण लिखता है – परीक्षा केंद्रों के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट तलब।
- देश में दीवाली पर खरीदारी को लेकर हिन्दुस्तान की सुर्खी है– दीपावली की खरीदारी सरकारी बजट से भी भारी। लोगों ने खरीदारी पर छह लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए।